दिनांक : 30/04/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 मई को इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमि-पूजन करेंगे।
- धार के पास इंदौर-अहमदाबाद मार्ग पर पीकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 मजदूरों की मौत।
- एग्जिट पोल के मुताबिक बंगाल में भाजपा को 140 से 160 सीटे मिलने की संभावना। वहीं असम में भाजपा, केरल में यूडीएफ और तमिलनाडु में डीएमके को बहुमत की संभावना।
- आईपीएल क्रिकेट में, कल सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराया। आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से।

इकोनॉमिक कॉरिडोर भूमि-पूजन- मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में औद्योगिक प्रगति को नई गति देने और निवेश के लिए दीर्घकालिक आधार तैयार करने की दिशा में इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रथम चरण एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 2 मई को इस परियोजना के प्रथम चरण का भूमि-पूजन करेंगे। यह कॉरिडोर केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक संरचना को अधिक संगठित, सक्षम और निवेश का आदर्श गंतव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा, जिसमें अधोसंरचना, उद्योग और शहरी विकास को एकीकृत रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है।

दुर्घटना- इंदौर अहमदाबाद मार्ग

पश्चिमी मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय के पास इंदौर अहमदाबाद मार्ग पर मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से उसमें सवार 15, मजदूरों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना के प्रति दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50,000 रुपये देने की बात कही। वहीं मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मृतक के परिवारों को 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरला की ओर जा रहे पिकअप में 46 मजदूर थे। मजदूरों से भरी यह पिकअप तेज गति के कारण अनियंत्रित हो कर डिवाइडर से टकराते हुए विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टकराते हुवे पलटी खा गई। दुर्घटना में घायलों और मृतकों को धार चिकित्सालय लाया गया है। गंभीर होने से 7 मरीजों को इंदौर रेफर किया गया है।

## सोलर पॉवर प्लांट-जलूद- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण मध्यप्रदेश के साथ देशभर के लिए महत्वपूर्ण है। लगभग 60 मेगावॉट क्षमता की इस परियोजना में भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिला है। ग्रीन बॉन्ड स्कीम के माध्यम से इस परियोजना में देश की जनता को भागीदार (पार्टनर) बनाया है। पीपीपी मोड में कार्य करने वाला यह अपनी तरह का देश का प्रथम संयंत्र है। इस तरह से इस राष्ट्रीय उपलब्धि का श्रेय मध्यप्रदेश को जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले में महेश्वर के निकट जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे।

## अहिल्या बाई होल्कर-जलयात्रा- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने आदर्श योद्धा, शक्तिशाली शासिका और पुण्यश्लोका के रूप में सनातन संस्कृति को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि 300वीं जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र शासन द्वारा आयोजित की गई 'गोदा से नर्मदा' जलयात्रा के समापन पर उनकी कर्मभूमि महेश्वर में आज उत्साह का वातावरण है, जो अहिल्यादेवी के विरासत के महत्व को रेखांकित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की विरासत ऐसी है कि उन्हें समर्पित जलयात्रा का शुभारंभ एक प्रदेश के मुख्यमंत्री और समापन दूसरे प्रदेश के मुख्यमंत्री करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्य अपनी सांझा विरासत की कारण जुड़वां भाई की तरह है। उन्होंने 'गोदा से नर्मदा' जलयात्रा के सफल आयोजन की लिए महाराष्ट्र शासन का अभिनंदन किया।

## एग्जिट पोल

अधिकतर मतदान पश्चात सर्वेक्षण-एग्जिट पोल ने असम में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में बने रहने की भविष्यवाणी की है। इन पोल के अनुसार भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को लगभग 87 से 100 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि कांग्रेस को लगभग 26 से 36 सीटें मिलने का अनुमान है। पश्चिम बंगाल में कुछ एग्जिट पोल ने भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की है, जबकि अन्य टीएमसी की जीत का अनुमान लगा रहे हैं। एग्जिट पोल के अनुसार भाजपा को लगभग 140 से 160 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि टीएमसी को लगभग 120 से 140 सीटें मिलने की संभावना है।

वहीं, केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को 75 से 90 सीटें जीतने का अनुमान लगाया है, जबकि एलडीएफ को 45 से 60 सीटें मिलने की उम्मीद है। तमिलनाडु में डीएमके को लगभग 112 से 140 सीटें मिलेंगी, जबकि एआईएडीएमके को 60 से 100 सीटें मिलेंगी। पुडुचेरी में,

एनडीए गठबंधन को 16 से 20 सीटें मिलेंगी, जबकि डीएमके-कांग्रेस गठबंधन को 6 से 8 सीटें मिलेंगी।

विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

गेहूं उपार्जन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। आकस्मिक निरीक्षण के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हेलीकॉप्टर किसी भी समय, कहीं पर भी उतर सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की सहूलियत के लिये गेहूँ उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में, कल सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 244 रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद ने 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

टूर्नामेंट में आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- श्योपुर, में कल विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने विजयपुर की सिद्ध बाबा पहाडी पर नगर वन का भूमिपूजन एवं दो सडको का लोकार्पण किया।
- मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने खंडवा रेलवे स्टेशन से बनारस पुणे हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- जबलपुर में पदस्थ पुलिस उप निरीक्षक प्रभाकर सिंह परिहार को थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा विशिष्ट अति विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।
- झाबुआ के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय थांदला की छात्रा आयुषी दातला, का इसरो के युविका विज्ञानी कार्यक्रम में चयन होने पर कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने सम्मानित किया।
- डिंडोरी कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी, फोटो आदि जल संचय पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।
- छिन्दवाड़ा में युवा संगम रोजगार मेले में कल 33 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया।

- बैतूल के सतपुड़ा ग्राउंड, घोड़ाडोंगरी में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा।

-------------